सं. 05/06/2024 - रा.भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय / राजभाषा विभाग

एनडीसीसी-II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली -110001
दिनांक: 04 नवम्बर, 2025

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय:- केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग में रिक्ति वर्ष 2025 में उप निदेशक के पद पर नियमित पदोन्नति के संबंध में।**

उपरोक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सहायक निदेशकों को उप निदेशक के पद पर रिक्ति वर्ष 2025 की रिक्तियों पर नियमित आधार पर पदोन्नति देने का मामला विचाराधीन है । अतः अनुरोध है कि विचार क्षेत्र में आने वाले सभी सहायक निदेशकों **(अनुलग्नक – क )** की सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र (जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि इनके विरुद्ध न तो कोई सतर्कता संबंधित मामला लंबित है और ना ही चलाये जाने का प्रस्ताव है) एवं पिछले 10 वर्षों की छोटी बड़ी शास्ति संबंधित प्रमाण-पत्र (Major/Minor Penalty Statement) राजभाषा विभाग को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाएँ जिससे अग्रिम कार्रवाई की जा सके ।

2. सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र एवं पिछले 10 वर्षों की छोटी/बड़ी शास्ति संबंधित प्रमाण-पत्र (Major/Minor Penalty Statement) के संदर्भ में मॉडल ड्राफ्ट की भाषा **अनुलग्नक – ख** में संलग्न है |

राजेश
4/11/2025
(राजेश कुमार)
सहायक निदेशक (सेवा)

सेवा में,

1. संबंधित मंत्रालय/ विभाग के अवर सचिव (प्रशासन/स्थापना) से अनुरोध है कि सभी संबंधित अधिकारियों के अपेक्षित दस्तावेज़ शीघ्र राजभाषा विभाग को उपलब्ध करवाएं।
2. एन आई सी, राजभाषा विभाग: कृपया इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।

अनुलग्नक – क

| क्र.सं. | सर्वश्री/सुश्री | वर्तमान तैनाती | सतर्कता निकासी प्रमाण पत्र एवं पिछले 10 वर्षों की छोटी बड़ी शास्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | रजनीश कुमार | आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय | मंगाई जानी है |
| 2. | अशोक कुमार | विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग | मंगाई जानी है |

**अनुलग्नक – ख**

सं. 05/06/2024 - रा.भा. (सेवा)
भारत सरकार
मंत्रालय / विभाग का नाम

दिनांकः

विषय : सतर्कता निकासी प्रमाण पत्र एवं पिछले 10 वर्षों की छोटी बड़ी शास्ति संबंधित प्रमाण-पत्र ।

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री__________________, पद ________________ के विरुद्ध कोई सतर्कता संबंधी मामला ना तो लंबित है और ना ही चलाये जाने का प्रस्ताव है, एवं पिछले 10 वर्षों में उनके ऊपर कोई छोटी-बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है ।

हस्ताक्षर
सक्षम प्राधिकारी

**राजेश कुमार, सहायक निदेशक (सेवा),**

**राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय,**

**एनडीसीसी-2 बिल्डिंग,**

**जय सिंह रोड, नई दिल्ली -110001**